Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 18-08-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to change the name of Dhankya Railway Station to Pt. Deen Dayal Upadhyay Railway Station.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय सभापति जी, मेरे क्षेत्र में एक छोटा सा गांव धानक्या है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक समिति की और मेरी मांग है कि धानक्या रेलवे स्टेशन पर स्थित स्टेशन मास्टर के क्वाटर टी-10 में 25 सितम्बर, 1916 को पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का जन्म हुआ था। उपाध्याय जी अपने प्रारम्भिक पांच-छह र्वा तक वही रहे और उन्होंने वहीं शिक्षा प्राप्त की। उस स्टेशन का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरम रेलवे स्टेशन कर दिया जाए जिससे कि स्थानीय नागरिकों का गौरव भी बढ़ सके। धानक्या नाम से कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं है और न ही इस नाम से कोई ऐतिहासिक व्यक्तित्व जुड़ा cè[i110]।

* Not Recorded

[rpm111]

सभापति जी, मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि धानक्या रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर पं. दीनदयाल उपाध्याय कर दिया जाए क्योंकि 25 सितम्बर को उनकी र्वागांठ मनाई जा रही है। अतः मुझे विश्वास है कि केन्द्र सरकार इस ओर ध्यान देगी और तदनुसार कार्य करेगी।